महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 2187 - 2193 दिनांकः–05.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं बरेली मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः– आईआईएससी **बैंगलोर द्वारा आदिवासी छात्रों के लिए सेमीकंडक्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026 के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–1 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 1220–1361, दिनांक 05 मई, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें निर्देशित किया गया है कि जनजातीय छात्रों के लिए आईआईएससी बैंगलोर द्वारा माय भारत के सहयोग से और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के समर्थन से संचालित **"सेमीकंडक्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026 (चरण 2)"** माय भारत पोर्टल पर प्रकाशित हो चुका है। इस कार्यक्रम का उदेश्य अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय के छात्रों और शिक्षकों को सेमीकंडक्टर निर्माण और लक्षण वर्णन में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे उच्च मांग वाले प्रोद्योगिकी क्षेत्र में कौशल विकसित कर सकें और अपने करियर की संभावनाओं को बढ़ा सकें। उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभागिता हेतु दिये गये लिंक–**https://mybharat.gov.in/pages/event_name=Semiconductor-Training-program-for-Tribal-Student-by-IISC,-Bangalore-(2026-phase-2)&key=532157719532** पर दिनांक 08 मई, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागिता हेतु पात्रता इस प्रकार हैः–

1. बी0टेक / बी0ई0ःचौथे वर्ष से आगे और डिग्री धारक।
2. एम0टेक / एम0एससी0ःपहले वर्ष से आगे और डिग्री धारक डॉक्टरेट धारक।
3. पीएच0डी0ः वर्तमान शोधार्थी और डॉक्टरेट डिग्री धारक।
4. संकायः अनुसूचित जनजाति (एसटी) शिक्षक और प्रोफेसर।
5. मानदंडः केवल अनुसचित जनजाति (एसटी) उम्मीदवारों के लिए।
6. किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी आवेदन कर सकते हैं

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रचार–प्रसार के साथ साथ पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे की संबंधित व्यक्तियों को लाभ मिल सके।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

/

डॉ0(राजीव कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना